पंजाब केसरी 19/10/2023

जी.एम.एन. कालेज में हुआ यूथ फैस्टिवल का रंगारंग आगाज, 20 कालेज के कलाकारों ने डांस के जरिए बिखेरा जलवा

कार्यक्रम में डी.सी. को सम्मानित करते कॉलेज प्रबंधन के सदस्य।

3 दिवसीय जोनल यूथ फैस्टिवल में भागीदारी के लिए पहुंचे प्रदेशभर से कलाकार

अम्बाला, 18 अक्तूबर (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज की 75वीं जयंती के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से प्रायोजित 3 दिवसीय 46वें जोनल यूथ फैस्टिवल का बुधवार को रंगारंग आगाज हुआ। महोत्सव में क्षेत्र के 20 कालेजों की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं में भिन्न-भिन्न विधाओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक, सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतिभाओं को मंच पर पेश किया।

कालेजों के विद्यार्थी कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के डांस के जरिए स्टेज पर जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि जिला उपायुक्त डा. शालीन ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि डा. शालीन का कालेज प्रबंधन कमेटी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह व प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अन्य सदस्यों के साथ स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

युवाओं को मुख्य अतिथि डा. शालीन ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति को सहेजने में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके साथ ही हरियाणा की संस्कृति, सभ्यता और परम्पराओं को काफी समृद्ध बताते हुए उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि आज भी हमारे युवा अपनी लोक-कला व संस्कृति को बेहतरीन तरीके से सहेजे हुए हैं।

सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा. राजेंद्र देशवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य अपनी लोक-कला, संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ अगली पीढ़ी तक पहुंचाने से भी है।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए यूथ फैस्टिवल को अति आवश्यक मानते हुए कहा कि सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं।

सांस्कृतिक गीत व डांस की प्रस्तुती देते एस.डी. कॉलेज की टीम।

आकर्षण का केंद्र बना लूर डांस

इस महोत्सव में आकर्षण का मुख्य केंद्र सैल्फी प्वाइंट के साथ-साथ मंचों की साज सज्जा ने सभी का दिल जीत लिया। हरियाणा के विलुप्त होते लूर डांस ने भी इस वर्ष सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। भिन्न-भिन्न महाविद्यालय से आए प्राध्यापकों एवं स्टाफ ने खाने के जायकों की जमकर तारीफ की।

इवनिंग सैशन के मुख्य अतिथि डा. जसवंत जैन, गैस्ट ऑफ ऑनर डा. डी.एस. माथुर व चरणजीत सेठी ने शिरकत की। युवा महोत्सव के पहले दिन कोरियोग्राफी, रिचुअल्स, लूर हरियाणवी डांस, पॉप सांग हरियाणवी, सोलो डांस (हरियाणवी), क्लासिकल डांस सोलो, ग्रुप सांग जनरल, माइम, संस्कृत ड्रामा, फोक सांग हरियाणवी (सोलो), फोक सांग जनरल, लाइट वोकल इंडियन, क्लासिकल वोकल सोलो, क्विज व फाइन आर्ट्स कैटेगरी में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग व रंगोली आकर्षण का केंद्र रहे।

पहले दिन यह रहे प्रतियोगिताओं के नतीजे

कार्यक्रम के दौरान गिद्दे की प्रस्तुति देती छात्राओं की टीम।

पहले दिन हुई प्रतियोगिताओं में नृत्यकला पहले स्थान पर एस.डी. कॉलेज, अम्बाला कैंट, दूसरे स्थान पर आर्य गर्ल्स कालेज, तीसरे पर एस.ए. (जैन) कालेज, अम्बाला शहर, शास्त्रीय नृत्य (एकल) में जी.एम.एन कालेज, अम्बाला कैंट, एम.डी.एस.डी. कालेज, अम्बाला शहर, एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, लोक गीत हरियाणवी (एकल) में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, जी.एम.एन कालेज, अम्बाला कैंट, राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर, एकल नृत्य हरियाणवी (महिला) में गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी, एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, डी.ए.वी. कालेज, अंबाला शहर, पोस्टर बनाने में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी, गवर्नमैंट कालेज सैक्टर-1, पंचकूला, ऑन द स्पॉट पेंटिंग में एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला कैंट, गवर्नमैंट कालेज सैक्टर-1, पंचकूला, एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, रंगोली में एम.डी.एस.डी. कालेज, अम्बाला शहर, गवर्नमैंट कॉलेज, अम्बाला छावनी, गवर्नमैंट कालेज सैक्टर-1, पंचकूला, लोक गीत सामान्य में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, जी.एम.एन कालेज, अम्बाला कैंट, एम.डी.एस.डी. कालेज, अम्बाला शहर, एकल नृत्य हरियाणवी (पुरुष) में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी, प्रश्नोत्तरी में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी, जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, गवर्नमैंट कालेज सैक्टर-1, पंचकूला, रिवाज में डी.ए.वी. कालेज, अम्बाला शहर, एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, लूर हरियाणवी डांस में डी.ए.वी. कालेज, अम्बाला शहर, एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर पहले, दूसरे व तीसरे स्थान रहे।